तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

14 सफल: अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों ...


14 किसानों ने की मुंडा-कोलिहा के बीच पुल निर्माण की...




## खबर संक्षेप

### खड़े ट्रक से टकराया बाइक चालक की हुई मौत



**सिमगा।** बगैर सिग्नल के लाला पाइप फैक्ट्री के सामने खड़ी ट्रक से बाइक चालक टकरा गया। इस घटना में चालक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 2 दिसंबर को संध्या 6 बजे भुलऊराम निषाद अपने मोटर सायकिल में सिमगा की ओर से अपने ग्राम केशली जा रहा था कि ग्राम पौंसरी स्थित लाला पाइप फैक्ट्री के सामने सड़क पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेड डी 5616 का चालक बिना कोई सूचक संकेतक दिये ट्रक को सड़क पर खड़ा किया था, जिससे दोपहिया वाहन चालक भुलऊ राम निषाद के टकराने से सिर, चेहरा में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। प्रार्थी विरेन्द्र निषाद की रिपोर्ट पर पुलिस ने 106 (1) बीएनएस 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में क्रांति सेना के चंद्रकांत यदु ने साथियों सहित अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया गया कि कामता हथबंद रोड में संयंत्र के पास ट्रक लंबी कतार में खड़ी रहती है, जिसे पार्किंग स्थल बनाकर सुव्यवस्थित करने की मांग की गई है। यदि एक सप्ताह तक पार्किंग स्थल नहीं बनता है तो क्रांति सेना उग्र प्रदर्शन करने मजबूर होंगी।

### अलग-अलग मामलों में अपराधियों को दबोचने में पुलिस को मिली सफलता

# लूट और मारपीट का फरार आरोपी पुलिस हिरासत में, दूसरे की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गुप्ता स्वीट्स के संचालक सुनील गुप्ता पर हमला कर घायल करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक फरार आरोपी की तलाश जारी है। आरोपी से 5000 रुपए लूट की रकम में पुलिस ने एक हजार बरामद किया। सुनील गुप्ता के रिश्तेदार से शादी का प्रस्ताव टूटने से नाराज होकर आरोपी ने इस लूट और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील गुप्ता 55 साल सदर वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी हटरी बाजार में गुप्ता स्वीट्स की दुकान है। 23 अक्टूबर की रात करीबन 9.40 बजे वह अपनी दुकान को बंद कर रहा था, तभी आरोपी 39 वर्षीय विवेक गुप्ता उर्फ़ गोपाल और उसका एक साथी प्रार्थी के पास पैदल आये एवं आरोपियों द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर उसके चेहरे पर वार किया, जिससे प्रार्थी के चश्मे का कांच टूट गया और नाक के पास चोंटे आई। फिर विवेक गुप्ता द्वारा प्रार्थी की कमीज के जेब में हाथ डालकर उसे फाड़ दिया तथा उसमें रखे 5000 को लूट लिया गया। प्रार्थी द्वारा बीच बचाव करने के लिए आवाज लगायी गई, जिससे आसपास के व्यवसायी एवं अन्य लोग वहां पर आए, जिससे दोनों आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए।



रिपोर्ट पर शहर थाना में 309(6), 296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पतासाजी करने पर पुलिस ने आरोपी विवेक गुप्ता उर्फ़ गोपाल को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर पता चला कि- आरोपी द्वारा स्वयं को सुपारी का सप्लायर बताते हुए आहत सुनील गुप्ता के एक रिश्तेदार के साथ शादी करने का प्रस्ताव दिया गया था, जिसमें आरोपी का सुपारी का सप्लायर नहीं होने से वधू पक्ष द्वारा शादी का प्रस्ताव रद्द कर दिया गया, इस बात से नाराज होकर आरोपी द्वारा आहट सुनील गुप्ता से बदला लेने की योजना बनायी गई। आवेश में आकर आरोपी ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। आरोपी को 3 दिसम्बर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत किया। प्रकरण में एक आरोपी फरार है, जिसकी सर गर्मी से पता तलाश की जा रही है।

### पांच साल से फरार मवेशी तस्कर गिरफ्तार



**सिमगा।** ट्रक से मवेशियों की तस्करी के दौरान पुलिस कार्रवाई से बचकर फरार चल रहे ट्रक चालक को पुलिस ने पांच वर्षों बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना सिमगा से मिली जानकारी के अनुसार 7 नवंबर 2020 को ट्रक क्रमांक सीजी 08 एच 0785 में 20 मवेशियों का अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 4, 6, 7, 9, 10, 11, 48, 52, 49, 49 (ए), 50 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में एक आरोपी समीर खान को गिरफ्तार किया गया था, किंतु मामले में उक्त ट्रक का मालिक आरोपी धनुष लाल धनकर निवासी पिनकापारा पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया जिला राजनांदगांव फरार था, जिसका सरगर्मी से तलाश जारी थी। इसमें पुलिस ने आरोपी के निवास स्थान एवं उसके छिपने के हर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी, इसी बीच प्रकरण की विवेचना एवं जांच क्रम में फरार आरोपी धनुष लाल धनकर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना दिनांक को पूर्व में गिरफ्तार आरोपी के साथ मिलकर अपने ट्रक के माध्यम से मवेशियों का अवैध रूप से परिवहन करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### महाठग शिवा की मां और एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुड़पार-सरसीवां।** रायकोना के महाठग शिवा साहू ने महज आठ महीने में रकम ढाई गुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी के मामले में सरसीवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवा साहू की मां और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। दरअसल यह मामला हाई-प्रोफाइल ठगी कांड में सरसीवां पुलिस पहले ही शिवा साहू सहित कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। शिवा द जर्नी ग्रुप के नाम पर भोले भाले लोगों को 8 माह में रकम ढाई गुना करने का लालच दिया था और करोड़ों की ठगी को अंजाम दिया गया। जांच के दौरान सरसीवां पुलिस ने शिवा साहू के कब्जे से सोना-चांदी, महंगी लग्जरी गाड़ियां, जमीन के दस्तावेज, नकद राशि और कई बैंक खातों को जब्त किया है। न्यायालय ने इन सभी संपत्तियों पर कुर्की का आदेश भी जारी कर दिया है। अब कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सरसीवां पुलिस ने महाठग की मां चंद्रकला साहू और सहयोगी धर्मेश साहू को हिरासत में लेकर विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इधर इस कार्रवाई के बाद भी गरीब और छोटे निवेशकों को राहत नहीं मिलने से इस समय लोग काफी नाराज हैं। शिवा के निवेशकों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द रकम वापसी की मांग की है।

# धान खरीदी केंद्रों में किसान व वाहनों की होगी फोटोग्राफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- फोटो को एप पर अपलोड करेंगे ऑपरेटर
- कलेक्टर ने अवैध धान बिक्री पर रोक लगाने दिए निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटर की ऑनलाइन बैठक लेकर धान खरीदी से सम्बधित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अवैध धान पर कड़ी निगरानी रखते हुए जब्ती की कार्रवाई करने और किसानों से अतिरिक्त रकबे का समर्पण अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि समिति प्रबंधक बिचौलियों पर कड़ी नजर रखें और अवैध धान खापाने की मंशा को ध्वस्त करें। किसी भी उपार्जन केन्द्र में बिचौलिये का एक भी दाना धान नहीं आना चाहिए। उन्होंने जिन उपार्जन केंद्रों में पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा धान खरीदी है, उन उपार्जन केंद्रों के समिति प्रबंधकों से पूछ -ताछ कर जानकारी ली और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आने वाले किसानों का वाहन सहित फोटो खींचकर समय पर एप में अपलोड करना जरुरी हैं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शासन के हित को ध्यान में रखकर कार्य करें। कलेक्टर ने बारिश से धान को भीगने से बचाने के लिये सभी उपार्जन केंद्रों में ड्रेनेज, तिरपाल एवं कैप कवर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में धान की उचित स्टैंकिंग, पर्याप्त बारदाना एवं हमालों का परिश्रमिक भुगतान आदि की समीक्षा की।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**



## खबर संक्षेप

### खरोरा में मनाई गई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पहले राष्ट्रपति और अद्वितीय प्रतिभा के धनी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, पंच अंजू चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने भारत देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना विशिष्ट योगदान दिया है। राष्ट्रहित में समर्पित उनका जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

### संप्रेक्षण गृह में हुई तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बाल संप्रेक्षण गृह बरोंडा बाजार में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी बालकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नशा के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। नशा से दूर रहने प्रेरित किया गया। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सह जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल सीनियर आदि मौजूद रहे।

### एमआईएस सहायक की नियुक्ति के लिए 22 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए पिथौरा और बागबाहरा अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थाई होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय होंगे।
इसके लिए अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण हो, कम्प्यूटर का ज्ञान हो, जिसमें एम ऑफिस की जानकारी अनिवार्य है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 दिसंबर को पेंशन भवन में आहूत की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। नए सदस्यों का सम्मान होगा। वहीं प्रांतीय पेंशनर दिवस 17 दिसंबर को बालौदा बाजार में आयोजित है, के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सहायक बीआर ध्रुव ने दी है।

### आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा 4 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत पी.जी.डी.सी. ए. प्रथम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि उनकी आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 4 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई है।

# निर्माण के सप्ताहभर बाद सीसी रोड़ टूटने लगा, गुणवत्ता पर उठे सवाल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

अलग खबर

विकासखंड के ग्राम पंचायत भडोरा के आश्रित ग्राम घिरघोल में हाल ही में निर्मित सीमेंट-कंक्रीट सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत बनी यह सड़क एक सप्ताह के भीतर ही जर्जर होने लगी है। सड़क का किनारा मामूली ठोकर से टूट रहा हैं और सीमेंट की धूल उड़ना शुरू हो गई है, जो निर्माण कार्य में छोलछाल की ओर इशारा करता है।

जानकारी के अनुसार में दो पार्ट में सीसी रोड बनायी गई हैं। दोनो सीसी रोड़ को 5.2 लाख की लागत से बनी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता के किसी भी पैमाने को ध्यान नहीं रखा गया। सड़क की मोटाई प्राक्कलन के अनुसार नहीं है और सीसी रोड़ निर्माण में आवश्यक वाइब्रेटर मशीन नहीं चलायी गई। जानकारों का कहना है कि यदि सीमेंट, रेत और गिट्टी का अनुपात सही होता और उचित तकनीक का इस्तेमाल किया गया होता, तो न तो सड़क से धूल उड़ती और न ही उसके किनारे इतनी जल्दी टूटते। नहीं ठीक से पानी की तराई की गई। तराई न होने से कंक्रीट सड़क कमजोर हो गईं हैं। इस घटिया सीसी रोड़ निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश हैं। और गुणवत्ता की जांच की मांग कर रहे।

**ग्रामीणों ने की जांच की मांग**





**कल जाकर जांच करूंगा**

कि कल जाकर निरीक्षण करता हूं कि क्या कमियां है इस निर्माण कार्य में।
**टिकेंद्र पटेल,**
अनुविभागीय अधिकारी, उपसंभाग कसडोल

## कार्यक्रम : 14 जरूरतमंदों को वितरित किया गया सहायक उपकरण

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर नगर में हुए विविध कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्य व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सूलोचना यादव उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में कुल 272 दिव्यांगजन एवं सहयोगी उपस्थित हुये एवं सभी विकासखण्डों से दिव्यांगजन एवं मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के दिव्यांग छात्र-छात्रों द्वारा योगाभ्यास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवितापाठ, ढ़ोलक के साथ गीत गायन किया गया। समस्त जनपदों से आये बच्चों के द्वारा रंगोली, डांस एवं गीत गायन का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा जिला चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परिवहन विभाग द्वारा दिव्यांगजन परिवहन पास बनाया गया। प्रतियोगिता में चयनित दिव्यांगजनों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों चयन पश्चात एवं उपस्थित समस्त दिव्यांगजनों को स्कूल बैग से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 1 मोट्राइज्ड ट्रायसायकिल, 5 ट्रायसायकिल, 6 श्रवण यंत्र, 2 व्हील चेयर कुल 14 सहायक उपकरण प्रदाय किया गया।



कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एआर टण्डन, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, उपसंचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल, चिकित्सा विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# वृद्धजन परिवार फाउंडेशन ने करण सोनी को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम नेवधा निवासी करण सोनी के नायब तहसीलदार पद में चयनित होने पर वृद्धजन परिवार फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार विश्वास ने करण सोनी को श्रीफल, शॉल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

करण सोनी ने बताया कि उन्होंने तैयारी के दौरान अनुशासन बनाए रखा, मोबाइल फोन से दूरी रखी और पिछले चार वर्षों से यूपीएससी की तैयारी में समर्पित रहे। नियमित अध्ययन, कठिन परिश्रम और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प के कारण उन्हें यह सफलता प्राप्त हुई। करण के पिता खिलावन प्रसाद सोनी ने कहा कि करण बचपन से ही मेहनती और इमानदार रहा है। समय का सदुपयोग करने और एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने की आदत ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है।

ग्रामवासियों एवं परिजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए करण सोनी को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में कुंज बिहारी पटेल, सनत पांडे, विद्या वर्मा, गिरजा वर्मा, संदीप शुक्ला, डॉ. चिंताराम साहू तथा चोवा राम वर्मा शामिल हुए।

# उल्लास मूल्यांकन परीक्षा 7 दिसंबर को

**खरोरा।** विकासखंड संकुल स्रोत कार्यालय तिल्दा में उल्लास राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा की तैयारी एवं संचालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षक नरोत्तम ध्रुव, चित्रसेन वर्मा तथा शिव बर्मन विशेष रूप से उपस्थित थे, जिन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विकासखंड के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठक बड़ी संख्या में शामिल हुए और आगामी परीक्षा की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि उल्लास मूल्यांकन परीक्षा 7 दिसंबर को आयोजित की जाएगी, जिसका समय प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए जागरूक करने एवं सम्मिलित करने विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा घर-घर जाकर पीला चावल देकर निमंत्रण देने की परंपरा निभाई जाएगी। इसके साथ ही परीक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रैली भी निकाली जाएगी। बैठक में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने वाले शिक्षकगण युधिष्ठिर बुड़ेक, कांत कुमार, शांता पठारे, दिनेश कुमार साहू, परस देवांगन, जितेंद्र नेताम तथा सरिता वर्मा ने परीक्षा की सफल आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह बैठक आगामी उल्लास मूल्यांकन परीक्षा को व्यवस्थित, सफल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुई।





# जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर को किया जायेगा।

इस उत्सव में विभिन्न विधाओं में 15 से 29 वर्ष तक एवं 18 से 40 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसमें जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा के लिए केवल 1 विधा में ही भाग ले सकेगा, जिसमें लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड जैसी विधाओं को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का पंजीयन कराने हेतु प्रभारी नोडल अधिकारी विकासखण्ड बलौदाबाजार शिव कुमार बांधे, भाटापारा शरद पंसारी, सिमगा हरबंश निषाद, कसडोल आलोक मिश्रा एवं पलारी ईश्वर साहू एवं कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण कुटुम्ब न्यायालय भवन के प्रथम तल के कक्ष क्रमांक 24 बलौदाबाजार में निर्धारित प्रपत्र के साथ स्वयं भी पंजीयन करा सकते हैं एवं माई भारत युवा पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागी पंजीयन फार्म में दो फोटो, जाति-निवास प्रमाण, आधार बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर सकते हैं। पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं।

# देवसुंद्रा सेक्टर के बीएलओ ने पूरा किया एसआईआर, एसडीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत तहसील पलारी के देवसुंद्रा सेक्टर के सभी बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी ने अपने-अपने बूथों में शत प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया है, जिसके प्रोत्साहन के लिए एसडीएम दीपक निकुंज एवं तहसीलदार लीलाधर कंवर द्वारा सुपरवाइजर, बीएलओ एवं अभिहित अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान्नित किया गया। सम्मान्नित बीएलओ में केशरीलाल सरसिंहा, बिमला वर्मा, मोहनदास गायकवाड़, बुद्धेश्वर ध्रुव, चुनेश्वरी साहू, भेखराम साहू,माहेश्वरी साहू, लता वर्मा, उत्तरा साहू, टिकेश्वरी साहू, अंजनी साहू, अभिहित अधिकारी शशि कुमार सोनकेंवरे, इन्दरमन लाल वर्मा,लुकेश देवांगन, योगेश वर्मा, वर्षा वर्मा, विष्णु ध्रुव, मनोज गायकवाड़, भीलेश्वर वर्मा, अशिका कोशले, भूषण साहू एवं सुपरवाइजर अमित साहू शामिल हैं।



एसडीएम ने कहा कि चुनाव आयोग के इस महाअभियान में इन कर्मियों ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। इनसे अन्य बीएलओ को भी सीख लेनी चाहिए। तहसीलदार कंवर ने पुनरीक्षण कार्य में जुटे बीएलओ का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह कार्य कठिन नहीं है, आवश्यकता है इसे एकाग्रता से करने की। अधिकारियों ने बीएलओ टारगेट पूरा होने की बधाई देते हुए सुपरवाइजर अमित साहू एवं सभी बीएलओ के कार्य की सराहना की। साथ ही एसडीएम द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों से मिलकर मन लगाकर पढ़ने निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अधिकारीयों एवं बीएलओ द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर सीडीपीओ बालेंदु देवांगन, संकुल प्राचार्य रोहित जायसवाल, संकुल समन्वयक अमित साहू, प्रधानपाठक रेखा वर्मा, एलके करायत, महेंद्र सुरतांगे, राजश्री मोरे, शालिनी वैष्णव, राजकुमार साहू, कोतवाल भोलादास मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

# युवक ने अमरूद के पेड़ पर लगाई फांसी

**सेल।** कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मल्दा के आश्रित ग्राम पिकरी में एक व्यक्ति ने अमरूद के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत मोतीपुर निवासी कुवंरजीत कैवर्त्य 42 वर्ष के रूप में हुई है, जो पिछले सप्ताह भर से अपने ससुराल पिकरी में खरीफ फसल की धान कटाई और मिंजाई का काम करने के लिए गया हुआ था। यह घटना 3 दिसंबर की सुबह लगभग 6 बजे की है। मृतक कुवंरजीत कैवर्त्य अपने ससुराल के घर से शौच करने के लिए झेरिया बाड़ी की तरफ निकला था। उसने घर के परिजनों को बताया था कि वह बाड़ी जा रहा है। इसके बाद वह अकेला ही निकला था। कुछ देर बाद, झेरिया बाड़ी में काम कर रहे आसपास के लोगों ने कुंवरजीत कैवर्त्य को अमरूद के पेड़ से फंदे पर लटका देखा। उन्होंने तत्काल इस बात की सूचना मृतक के ससुराल के परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ग्राम पंचायत मल्दा के सरपंच एवं कोटवार मौके पर पहुंचे। सरपंच एवं कोटवार ने तत्काल कसडोल थाना पुलिस को इस घटना की सूचना दी। कसडोल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक कुवंरजीत कैवर्त्य के शव को अमरूद के पेड़ से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है और मामले की विवेचना की जा रही है।



# अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय व्हालीबॉल स्पर्धा में कुणाल का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय व्हालीबॉल प्रतियोगिता बिहार यूनिवर्सिटी मुजफ्फरनगर में 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर टीम का प्रतिनिधित्व सिमगा के राजीव गांधी महाविद्यालय के छात्र कुणाल श्रीवास करेंगे। टीम के अन्य सदस्यों में युवराज सिंह, आभास कहार, जय प्रकाश, फहद दयाला, कमलेश, खिलावन, ओम बागी, अजय मिश्रा रायपुर, प्रताप, प्रशांत पिथौरा, डेमन वर्मा बैकुंठ शामिल हैं। उपरोक्त खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 6 दिसंबर तक पं. रविशंकर विश्वविद्यालय में होगा। 7 दिसंबर को खिलाड़ी बिहार यूनिवर्सिटी मुजफ्फरनगर के लिए रवाना होंगे। कुणाल के चयन होने पर सिमगा महाविद्यालय के प्राचार्य बीरूलाल बरगाह एवं प्राध्यापकगण, नितेश रिंकू लाल, रविन्द्र सोनी, सीटू जैन, अखिलेश तिवारी, योगेश ताम्रकार, ओमप्रकाश शर्मा, रिंकू भाटिया, भेखराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया।






# जर्जर सड़क की मरम्मत और नाले पर पुल निर्माण की मांग

**गोपालपुर।** क्षेत्र के तौलीडीह से साहेओना सड़क वर्षों पुरानी है, जिसकी गिट्टी उखड़ चुकी है और सड़क जर्जर हो गई है, जिससे पगडंडी रास्ते जैसे धूल उड़ रही है। बरसात के दिनों में कीचड़ से सराबोर हो जाती है। इसी से एक नाला पार हुआ उसमें आज पर्यंत तक पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है उससे भी क्षेत्र के ग्रामीण परेशान है।

ज्ञात हो की उक्त सड़क सेमरिया से तौलीडीह एवं जोरापाली से झुमका तक डामर टायरीग युक्त सड़क निर्माण हो चुकी है और बीच के एक किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण करने के लिए छूट गई है। उसी प्रकार ओड़कांकन से कोसमकुण्डा सड़क खराब हो चुकी है। इस सड़क से राहगीरों को चलना महंगा पड़ रहा है। यह मार्ग वर्तमान विधायक कविता प्राण लहरे के गृह ग्राम का है, जहां उनका आना-जाना उसी रास्ते से होता है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सड़क को सुधार करने की शासन प्रशासन से मांग की है।



## उपभोक्ता आयोग ने दिलाई बीमा क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार।** बीमा कंपनी द्वारा स्टॉक की क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को मामले में राशि 4.5 लाख एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया है। जानकारी के अनुसार भाटापारा निवासी सुरेश कुमार खत्री मेसर्स सियाराम दाल मिल द्वारा अपने संस्थान में लगे संयंत्र मशीनरी उपकरण भवन एवं स्टॉक की सुरक्षा के लिए अनावेदक से बीमा पॉलिसी प्राप्त की। दो साल पहले 21 सितम्बर को लगातार 3-4 दिन भारी बारिश होने से पानी सीढ़ियों से नीचे रिसने से परिसर में रखी अरहर की दाल का तैयार स्टॉक के 82 बैग पैकेट क्षतिग्रस्त हो गए, जिसकी क्षतिपूर्ति के लिए दावा अनावेदक को प्रस्तुत किया गया। अनावेदक द्वारा अपने दायित्व को अस्वीकार करते हुए स्टॉक का खराब होने का कारण बारिश का पानी नहीं बल्कि भंडार स्थान के दीवार पर सीलन का होना बताते हुए दावा खारिज कर दिया। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में प्रकरण प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चावला एवं शारदा सोनी ने मामले की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सूक्ष्म निष्कर्ष किया गया।




मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद, लोकसभा रायपुर
मान. श्रीमती कमलेश जांगड़े जी
सांसद, लोकसभा जांजगीर-चांपा
मान. श्री गौरीशंकर अग्रवाल जी
पूर्व अध्यक्ष, छ.ग. विधानसभा
मान. श्री शिवरतन शर्मा जी
पूर्व विधायक, भाटापारा
मान. श्रीमती लक्ष्मी बघेल जी
पूर्व विधायक, बलौदाबाजार
मान. श्री आनंद यादव जी
जिलाध्यक्ष भाजपा
मान. श्री नवीन अग्रवाल जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर
मान. डॉ. सनम जांगड़े जी
पूर्व विधायक, बिलाईगढ़
मान. श्री प्रमोद शर्मा जी
पूर्व विधायक, बलौदाबाजार
मान. अनिल अग्रवाल जी
भाजपा नेता
मान. अशोक जैन जी
अध्यक्ष, न.पा. बलौदाबाजार
मान. डॉ. मोहन वर्मा जी
सदस्य, जिला पंचायत बलौदाबाजार
मान. चंद्रकला वर्मा जी
अध्यक्ष, न.पा. तिल्दा
मान. श्रीमती लक्ष्मी वर्मा जी
सदस्य, महिला आयोग
मान. श्री ईशान वैष्णव जी
सदस्य, जिला पंचायत बलौदाबाजार
मान. श्रीमती आकांक्षा जायसवाल जी
अध्यक्ष, जिला पंचायत लौदाबाजार
मान. डॉ. दौलतराम पाल जी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत, सिमगा
मान. श्री राकेश ध्रुव जी
मंडल अध्यक्ष
मान. श्री नरसिंग वर्मा जी
मंडल अध्यक्ष
मान. श्री मनोज निषाद जी
मंडल अध्यक्ष
मान. हेमंत बघमार जी
मंडल अध्यक्ष
मान. श्री रविशंकर वर्मा जी
मंडल अध्यक्ष
मान. श्री अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी
मान. प्रभारी मंत्री, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम
04 दिसम्बर 2025 गुरूवार, समय दोपहर 12:00 बजे
स्थान - सुहेला, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
माननीय मुख्यमंत्री छ.ग.
छत्तीसगढ़ महतारी के दुलरवा बेटा, यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय
श्री विष्णुदेव जी साय के बलौदाबाजार विधानसभा के
ग्राम सुहेला आगमन परशत्-शत् अभिनंदन...
बलौदाबाजार विधानसभा में ऐतिहासिक
194 करोड़ 79 लाख 14 हजार के निर्माण कार्यों का
भूमिपूजन / लोकार्पण पर हार्दिक शुभकामनाएं...
सौगात देने के लिए
माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार...
आपका - टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री,
छत्तीसगढ़ शासन




# 24 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में बना मददगार

## अब तक 14 करोड़ से अधिक राशि का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को डिजिटल सेवाओं से सशक्त बनाने अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किये गए हैं, जो लगातार उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। जिले को कुल 396 केंद्रों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिनमें से 357 केंद्रों का एमओयू किया जा चुका है। अब तक 24 डिजिटल सुविधा केंद्रों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जिससे ग्रामीणों को सुविधा केंद्रों के माध्यम से व्यापक सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो रही हैं।

अटल डिजिटल सेवा केंद्रों द्वारा अब तक कुल 59,228 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 14 करोड़ 61 लाख 58 हजार की राशि का निपटान किया गया है। इसमें से 4 चार करोड़ 71 लाख 84 हजार के ट्रांजेक्शन केवल पिछले तीन महीनों में हुए हैं, जो डिजिटल सेवाओं के प्रति बढ़ते भरोसे और उपयोग को दर्शाता है। जिले के विभिन्न व्हीएलई एवं बीसी सखी द्वारा 1,50,000 रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन सफलतापूर्वक किए जाने के कारण बलौदाबाजार-भाटापारा जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के







माध्यम से नागरिकों को डीजी पे के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का भुगतान, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को राशि प्रदाय, मनरेगा मजदूरों के खाते अपडेट, बिजली बिल भुगतान, ई-डिसट्रिक्ट सेवाएं, पैन कार्ड, मोबाइल रिचार्ज, बीमा, आयुष्मान कार्ड तथा विभिन्न योजनाओं के ई- केवायसी जैसी बहुआयामी सेवाएं सरलता से प्रदान की जा रही हैं।

जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि डिजिटल इंडिया के उद्देश्यों को ग्रामीण स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और प्रत्येक नागरिक को आवश्यक सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाएं उनके ग्राम में ही उपलब्ध हों। अटल डिजिटल सेवा केंद्र इस दिशा में ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण के मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मार्शल आर्ट में जीते मेडल



**बिलाईगढ़।** तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय क्वान की डो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता 2025 का आयोजन अंबिकापुर के गांधी मल्टीपरपज इंदौर हाल में हुआ, जिसमें जिला विकासखंड बिलाईगढ़ के मार्शल आर्ट अकादमी के 7 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। साथ ही अपने शानदार खेल के बदौलत लोकेश बर्मन गोल्ड मेडल, आराधना गोल्ड मेडल, खुशी गोल्ड, मेडल सोनल सिल्वर मेडल, कमल ब्रांच मेडल हासिल किया। मार्शल आर्ट अकादमी के कोच प्रतीक श्रीवास, डेविड मनहर, शुभम देवांगन, रंजीत पंकज के निर्देशन में सभी खिलाड़ियों ने शिरकत की।

### हायर सेकंडरी में नव नियुक्त प्राचार्य दिनेश कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया



**भाटापारा।** देवरी के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नव नियुक्त प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने 2 दिसंबर को कार्यभार ग्रहण किया। शाला परिवार द्वारा शर्मा का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस अवसर पर हेम कुमार साहू, प्रभारी प्राचार्य हेमलाल साहू, व्याख्याता सुनील कुमार दीवान, रुकमणी साहूअनूप खरे, प्रीति शाह, रेणु शर्मा, मृणालिनी शुक्ला, चंद्रकांत बागडे, राकेश वर्मा, गजेन्द्र कुमार साहू, गिरजा शंकर तिवारी, पुष्पलता अग्रवाल, बांके बिहारी शुक्ला थे।

### पांच दिवसीय रामायण मेले की तैयारी शुरू

**भाटापारा।** 14 से 18 जनवरी तक आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेले की तैयारी धीरे धीरे जोर पकड़ रही है। साथ ही राष्ट्रीय रामायण मेले में आने के लिए मानस मर्मज्ञों, प्रवचन कर्ताओं, भजन मंडलियों और साधु संतों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में मंत्रियों को भी बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास में सोमवार को पांच दिवसीय राष्ट्रीय मेला के संस्थापक एवं संरक्षक डॉ. ललित सिंह ठाकुर, समिति अध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल, संयुक्त सचिव भंवर सिंह साहू और कोषाध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर ने रायपुर जाकर उप मुख्यमंत्री अरूण साव को राष्ट्रीय रामायण मेला में आने के लिए निमंत्रण दिया। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी राष्ट्रीय रामायण मेले में कोई भी एक दिन आने का आश्वासन दिया है। साहू ने बताया कि पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला समिति की आगामी बैठक रविवार सात दिसम्बर को महासती मंदिर में दोपहर बाद दो बजे से होगी, जिसमें समिति के सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों को आना जरूरी है।

### मोहरा में भागवत कथा अगले माह

**हिरमी-रावन।** ग्राम मोहरा में 4 से 12 जनवरी तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथा वाचक पं. अशोक मिश्र होंगे। कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। सप्ताहभर श्रीकृष्ण बाल लीला, राम अवतार, समुद्र मंथन, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सहित विभिन्न दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे हरिलीला कथा और शाम 7 बजे तक प्रवचन होंगे। आयोजन हर-हर महादेव समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

## 300 हेक्टेयर रकबा में खेती कार्य के लिए किसानों को आने-जाने में हो रही परेशानी

# किसानों ने की मुंडा-कोलिहा के बीच पुल निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

गंगरेल बांध से सिंचित टेल एरिया लवन के पास आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में सिंचाई के लिए नहर लाइनिंग का पक्का निर्माण कार्य हुआ है, किंतु मुंडा और कोलिहा के बीच पुल का निर्माण नहीं होने से किसानों को कृषि कार्य एवं धान फसल को लाने ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि मुंडा के कोलिहा खार की कृषि भूमि 300 हेक्टेयर के आसपास है, जिसमें कृषि कार्य किया जाता है। मुंडा और कोलिहा के बीच आज तक पुल का निर्माण नहीं होने से किसानों को आने-जाने के लिए मुंडा से 3 किलोमीटर से घूमकर सर्वाडीह जाना पड़ता है। वहीं से आने-जाने का रास्ता बना हुआ है। इसीलिए किसानों द्वारा पुल निर्माण की मांग की जा रही है। मुंडा से लवन माइनर में मुंडा कोलिहा के बीच थानु वर्मा के खेत के पास पुल निर्माण होने से कृषि कार्य के लिए जो अभी किसानों को परेशानी हो रही है उससे निजात मिल



सकती है। मुंडा के कृषक सुमेर वर्मा, महेंद्र वर्मा, चंद्रेश वर्मा, खोरबाहरा वर्मा, दतराम वर्मा, दुजराम वर्मा, दुर्गा वर्मा, राजाराम, चिंताराम सेन, बलभद्र साहू, संतोष वर्मा, सोनू वर्मा, बसावन वर्मा, नरेंद्र वर्मा, मेलाराम रजक, दुकालू मानिकपुरी, सेवकराम वर्मा, श्रीचंद वर्मा, यशवंत वर्मा, गजेंद्र वर्मा, दिलीप वर्मा, भानु साहू, धनेश साहू, रामनाथ साहू, चंद्रविष्णु वर्मा, निखाद वर्मा सहित सभी कृषकों द्वारा कोलिहाखार

### आगामी बजट में रखा जायेगा प्रस्ताव

इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र कुमार सिरमौर ने कहा कि पुल निर्माण के लिए आगामी बजट में प्रस्तावित किया जाएगा।



आने-जाने में हो रही समस्याओं को देखते हुए जल संसाधन विभाग से मुंडा कोलिहा के बीच पुल निर्माण करने की मांग की है। इस संबंध में जल प्रबंधन उप संभाग क्रमांक 6 के अनुविभागीय अधिकारी एल एन निराला ने कहा कि पुल निर्माण की मांग किसानों द्वारा की जा रही है, यह जानकारी कार्यपालन अभियंता को दी जायेगी।

## एकता संदेश पदयात्रा का सतनामी समाज ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

टिकेश्वर मनहारे के नेतृत्व में खरोरा से निकाली गई सतनाम संदेश यात्रा का बुधवार को लवन में आगमन हुआ। दोपहर 2 बजे लवन क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों के सतनामी समाज एवं अन्य समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। पटाखे एवं फूलमाला की बरसात की। इसके बाद बाबा गुरु घासीदास के सांस्कृतिक भवन लवन में पहुंचकर जैतखाम में आरती लिए।

सर्व समाज एकता सतनाम संदेश पदयात्रा के लोग तिल्दा जनपद पंचायत अध्यक्ष पदयात्रा के टिकेश्वर सोनू मनहरे, नीलकमल आजाद के साथ राहुल चंद्राकर, मिथलेश साहू, विनीत पाण्डेय, भूपेश साहू, लोचन धुर्व, विकास गायकवाड, द्वारिका बन्दे, कृष्णा आजाद आत्मादास बांधे, शरत चतुर्वेदी, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज दिपक घृतलहरे, पूरनेन्द्र नायक, राजू मनहरे सहित सैकड़ों पदयात्री शामिल हुए। लवन में सतनामी समाज के प्रमुख हिंनछराम अनंत, साटीदार पंकज अनंत, समाज प्रमुख अजय बारवे, शंकर अनंत, ताराचंद कठोत्रे, सुरेंद्र बघेल महिलाओं में कांति मनहारे सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग आरती फूल माला, पंथी पार्टी व पटाखों से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सुशील बंजारे प्रगतिशील सतनामी समाज जिला महासचिव, किशोर नवरंगे, नरेंद्र डहरिया, सहदेव जोशी, देवीलाल बार्वे प्रमुख हैं। पदयात्रा पश्चात लवन में भोजन पश्चात शाम 4 बजे गिरोदपुरी के लिए रवाना हुई, जहां 4 दिसंबर को मंचीय कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। बताया गया कि मंत्री कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रदेश स्तर के नेताओं का आगमन होगा, जिनका भव्य स्वागत के साथ सतनाम संदेश यात्रा का उद्देश्य को बताया जाएगा।

## गो सेवा आयोग के पदाधिकारियों ने किया गोठानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी।

छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के जिला और बलौदाबाजार विकासखंड के पदाधिकारियों द्वारा गत दिनों ग्राम पंचायतों में बनाए गौठान को गौधाम बनाने चयनित ग्राम पंचायत अर्जुनी, खम्हरिया और पारागांव के गौठानों का निरीक्षण किया। गौधाम हेतु चयनित गौठान निरीक्षण के दौरान



गौ सेवा आयोग के जिला और विकासखंड के पदाधिकारी द्वारा पानी, बिजली और समतलीकरण का अभाव देखा गया। गौठानों में जो भी कमी देखी गई उसे शासन प्रशासन को अवगत कराने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के जिला सदस्य हेमंत टिकरिया, जागेश्वर पटेल, बलौदाबाजार विकासखंड के अध्यक्ष केशव मिश्रा, सदस्य नीलकंठ साहू, परमेश्वर साहू, प्रभा देवी वैष्णव सहित स्थानीय पंचायत के पंच सरपंच उपस्थित थे।

## संयंत्र ने सीसी रोड का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ग्राम पंचायत सेम्हराडीह में लोगों को कीचड़, धूल व जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए 350 मीटर सीसी रोड़ निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन 3 दिसंबर को सरपंच प्रमीला वर्मा व अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट संयंत्र के अधिकारियों के उपस्थिति में हुआ। यह निर्माण कार्य संयंत्र इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश व एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में किया गया।

इस कार्यक्रम में पंच कीर्ति गिरी, प्रमीला शर्मा व गोपाल यदु के अलावा डॉ.राधेश्याम वर्मा, नारायण यदु, गीता यदु, छत्रपाल यदु एवं आजू राम ध्रुव की उपस्थिति रही।



सेम्हराडीह में विगत दिनों पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा पंचायत की प्रमुख गली में कांक्रीटीकरण के लिए निवेदन किया था। इस रोड का उपयोग मोहल्लेवासियों के अलावा, विद्यार्थियों व राहगीरों द्वारा किया जाता है। इस रोड में जगह-जगह गड्ढे व टूटने के कारण जलभराव, धुल व कीचड़ होने से राहगीरों को परेशानी होती थी, वहीं विद्यार्थियों का कपड़ा गंदा हो जाता था। कार्यक्रम में



सिविल विभाग से रविकांत वर्मा, भूमि एवं विधि विभाग से कार्तिकेश बघमार तथा सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा व दया वर्मा उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने पंजीयन 11 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला और राज्य स्तर पर किया जाएगा। इससे जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए से जिला में वृहद स्तर पर आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

इस युवा उत्सव में आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक (प्रतिभागियों का) 18 से 40 वर्ष तक (संगतकार) शामिल हो सकेंगे। यह आयोजन जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक होगा। इसमें 14 सांस्कृतिक विधाएं- लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, बाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा और रॉकबैंड शामिल हैं। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा हेतु केवल 1 विधा में भाग ले सकते हैं। 1 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते।

## बांगुर मैना ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**बलौदाबाजार।** श्री सीमेंट प्रांगण में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। नवाचार और सकारात्मक कार्य-संस्कृति के लिए प्रसिद्ध श्री सीमेंट ने इस मैत्री मैच को सद्भावना के माहौल में सम्पन्न कराया। महिला वर्ग के मैच में बांगुर मैग्ना और बांगुर रॉकस्ट्रॉन्ग की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें बांगुर मैग्ना ने जीत हासिल की। टीम की उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए मधु परिहार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरुष वर्ग में बांगुर मार्बल और बांगुर पावर मैक्स की टीमों के बीच रोमांचक सामना देखने को मिला।



कड़े संघर्ष में बांगुर पावर मैक्स की टीम ने विजयी होकर ट्रॉफी अपने नाम की। मैच के दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना और उत्साह देखने लायक था।

### संयंत्र ने शिविर में नेत्र जांच और चश्मा वितरण किया



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन सीएसआर एवं श्री गणेश विनायक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम गुमा, सरसेनी एवं चुचरुंगपुर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य नेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाना, दृष्टि समस्याओं का समाधान करना तथा निःशुल्क चश्मा, दवा एवं परामर्श प्रदान करना था। कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में कुल 468 लोगों के नेत्र जांच की गई और 276 लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए तथा मोतियाबिंद के संभावित मरीजों की पहचान कर आगे उपचार प्रक्रिया के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस शिविर में श्री गणेश विनायक फांउडेशन से अरुण सिंह कार्यक्रम समन्वयक, पुलकित, मोनिश, आस्था नेत्र विशेषज्ञ, तुलसी एवं सांघी परामर्शदाता ने चिकित्सीय सेवा प्रदान किये। ग्राम पंचायत गुमा से सरपंच चद्रकांता साहू, सरसेनी सरपंच टिकेश्वर देवांगन एवं चुचरुंगपुर सरपंच कुमोदनी वर्मा तथा पंचायत के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## प्रतिदिन योग ध्यान प्राणायाम, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति के लिए निकाली गई रैली

# रासेयो के शिविर में हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भैंसा में 26 नवंबर से सात दिवसीय आवासीय शिविर का समापन 2 दिसंबर को हुआ। योगेश कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिदिन योग ध्यान प्राणायाम, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति एवं शाकाहारी अपनाने की प्रेरणा के लिए रैली निकाली गई। बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत डीएस ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा ने स्वयं सेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की और सेवा कार्यों को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। हथबंद चिकित्सालय के चिकित्सक डीपी वर्मा ने स्वास्थ्य गत जानकारी देकर युवाओं को नशा से दूर रहकर



युवाओं को आगे आने की अपील की। शाला विकास समिति हथबंद की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सलाहकार समिति की सदस्य विद्या वर्मा शिविर स्थल पहुंच कर स्वयंसेवकों से मुलाकात की। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संघटक एन के मिर्जा ने शिविर स्थल का दौरा कर शिविर में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं के रहने खाने जैसे दैनिक दिनचर्या का निरीक्षण किया एवं स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी हथबंद से टीआई के सी दास, प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा ने स्वयंसेवकों को साइबर अपराध की जानकारी दी। साइबर अटैक से बचने के उपाय को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इसके अतिरिक्त एसबीआई सिमगा के ब्रांच मैनेजर मोहम्मद शेख आदिल, प्रजापति ब्रम्हकुमारी तिल्दा से प्रियंका, कांति, पशु चिकित्सक, विधिक सेवाएं पर जानकारी दी। शिविर के षष्ठ दिवस पर स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन राजकीय गीत से शुभारंभ हुआ। स्वयंसेवकों द्वारा राउत नाचा, कर्मा गीत, बस्तरिहा डांस एवं लोग गीत पर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बलौदाबाजार भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने बधाई दी। ग्राम पंचायत भैंसा के सरपंच हरीश वैष्णव ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए गांव के युवकों को आगे आने की अपील की एवं समापन दिवस पर स्वयंसेवकों को पेन, प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। शिविर के दौरान वृद्धजन परिवार फाउंडेशन हथबंद के संस्थापक डॉ. उत्तम विश्वास द्वारा तीस बुजुर्गों का सम्मान किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला बलौदाबाजार के सलाहकार संदीप पाण्डे, संस्था के प्राचार्य सीके नायक, जनपद पंचायत सिमगा के उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सदस्य नर्मदा जीवन साहू, संजय वर्मा, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

